卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 240 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦7 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## सरकार के खिलाफ किच्छा में गरजे कांग्रेसी

किच्छा(उद संवाददाता)। सरकारी जमीनों पर दशकों से रह रहे लोगों को उजाड़े जाने और नोटिस देकर उन्हें प्रताड़ित किये जाने के विरोध में दो दिन पहले कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के बाद आज कांग्रेसियों ने किच्छा तहसील में भी धरना प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित धरना प्रदर्शन की अगुवाई कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर गुबार निकाला। उन्होंने कहा कि सरकार को गरीबों को उजाड़ने से पहले उनकी लाशों पर बुल्डोजर चलाना होगा। बता दें पिछले दिनों किच्छा में प्रशासन ने



अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर दो सौ से अधिक कच्चे पक्के निर्माण ध्वस्त कर दिये थे। इसके अलावा सैकड़ों लोगों को उजाड़े जाने के लिए नोटिस जारी किये गये थे। किच्छा के अलावा जिले में कई अन्य स्थानों पर भी अतिक्रमण हटाने की तैयारी की जा रही थी। जिसके खिलाफ कांग्रेसी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। दो दिन पहले पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट गेट के समक्ष हजारों लोगों के साथ धरना प्रदर्शन किया था। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से किच्छा तहसील में धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया था। जिसके तहत आज कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की अगुवाई में हजारों लोग तहसील परिसर में एकत्र हुए और गरीबों को उजाड़े जाने को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और (शेष पृष्ठ सात पर)

## सेल्समैन ने फांसी लगाकर दी जान

रूड़की(उद संवाददाता)। अंग्रेजी शराब की दुकान में सेल्समैन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के साथ ही आत्महत्या के कारणों को जानने में जुटी है। जानकारी के अनुसार रुड़की गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर चौक पर अंग्रेजी शराब की दुकान है जिसे वर्तमान मेंज्वालापुर निवासी सुनील कुमार द्वारा संचालित किया जा रहा है। वहीं इस दुकान पर 57 वर्षीय शौकीन चंद पुत्र जगतराम निवासी बानजवाला हिमाचल प्रदेश सेल्समैन के तौर पर कार्यरत था। मंगलवार रात दुकान बंद करने के बाद शौकीन अन्य सेल्समैन साथी देवेंद्र निवासी ढडेरा के साथ दुकान में ही था। बताया गया कि सुबह करीब 5 बजे कोई तीसरा व्यक्ति भी सेल्समैन से मिलने आया था। उसके जाने के बाद शोकिन ने दुकान में बनी कैंटीन के अंदर रस्सी से लटककर फांसी लगा ली। जब दूसरे साथी ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा तो सूचना पहले शराब की दुकान के संचालक को और फिर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की इसके साथ ही शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।






## सरकार में दायित्वों की फर्जी सूची वायरल

देहरादून (उद संवाददाता)। भाजपा सरकार में दायित्व बांटे जाने की चर्चाओं के बीच सोशल मीडिया पर फर्जी सूची वायरल हो गई। सूची संज्ञान में आने के बाद प्रदेश भाजपा ने इसे भ्रामक और तथ्यहीन करार दिया। मंगलवार को सियासी हलकों में यह चर्चा गर्म रही कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अगले हफ्ते तक दायित्वों की घोषणा कर देंगे। इस चर्चा ने तब जोर पकड़ा जब सोशल मीडिया पर पार्टी की प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा के बयान से जुड़ी यह खबर वायरल हुई। रेखा वर्मा के हवाले से जारी खबर में अगले सप्ताह तक दायित्वों की घोषणा होने की संभावना जताई गई है।इस बीच सोशल मीडिया पर दायित्वधारियों की एक सूची भी वायरल हो गई। इस सूची में पार्टी के वरिष्ठ नेता बलराज पासी, ज्योति प्रसाद गैरोला, देवेंद्र भसीन, सुरेश भट्ट, कैलाश पंत, विनोद उनियाल, सुभाष बड़थ्वाल, मोहन पाठक, केदार जोशी, चंडी प्रसाद भट्ट, सरोज डिमरी, दीपक मेहरा, ऋषिराज डबराल, राजेंद्र अंतवाल, राम सुंदर नौटियाल, दिनेश आर्य, डॉ. जयपाल सिंह, देवेंद्र ढेला, कर्नल अजय कोठियाल, प्रदीप बिष्ट, रमेश गड़िया, सौरभ थपलियाल, सुमन काशमी, हरक सिंह नेगी,अशोक नबयिल, गोविंद पिल्खवान, भगवत प्रसाद, तेलूराम चिनलिया, सुरेंद्र मोघा, मूरतराम शर्मा, श्यामवीर सैनी, नगीना रानी, मुन्नी देवी, विनय रुहेला, शिव सिंह बिष्ट, रेणु अधिकारी, अनुराधा वालिया, अनिल गोयल, विनय गोयल, अनिल डब्बू, शांति मेहरा, रामचंद्र गौड, सुरेश जैन समेत कई अन्य भाजपा नेताओं के नाम शामिल हैं, जिनके नाम के सामने अलग-अलग दायित्व लिखे हैं। इस सूची के वायरल होते ही सम्बंधित लोगों को बधाई देने के लिए फोन घनघनाने लगे। लेकिन बाद में पता चला कि उक्त सूची फर्जी है। भाजपा (शेष पृष्ठ सात पर)

## तस्करों ने काटा 20 साल पुराना चंदन का पेड़

रामनगर(उद संवाददाता)। यहां स्थित एमपी हिंदू इंटर कॉलेज प्रांगण से अज्ञात तस्करों ने करीब 20 साल पुराना चंदन का पेड़ काट लिया। सूचना मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।



जानकारी के मुताबिक वर्तमान में कॉलेज में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है तथा कॉलेज स्टाफ भी छुट्टी पर गया है। बुधवार को पता चला कि कालेज में बीस साल पहले लगाया गया एक चंदन का पेड़ अज्ञात तस्करों ने काट लिया है। इससे कालेज प्रशासन में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने बताया कि कॉलेज के बंद बड़े कैंपस से चंदन का पेड़ काटना एक बड़ी घटना है। इस मामले में कोतवाली पुलिस में तहरीर दी जा रही है। पुलिस ने कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।सीसीटीवी कैमरे में 2 लोग पेड़ काटते हुए दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल उनकी पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## संदिग्ध हालातों में मजदूर की मौत

रूद्रपुर/गदरपुर। संदिग्ध हालातों में एक अधेड़ उम्र के मजदूर की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक दिनेशपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोतीपुर नंबर एक में पुल के पास एक व्यक्ति बेसुध पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 49 वर्षीय विजय पाल पुत्र (शेष पृष्ठ 7 पर)

## 10 .50 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

सितारगंज(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक रूद्रपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक सितारगंज के दिशा निर्देशन में तस्कर को दबोच कर उसके कब्जे से 10.50 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस के अनुसार 6 जून की रात्रि चौकी प्रभारी सिडकुल उप निरीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट ने मय हमराही दौराने चौकिंग शक्तिफार्म तिराहा के पास गुरमीत सिंह पुत्र गज्जन सिंह निवासी गुरूनानक नगरी गोठा, थाना सितारगंज को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से



मोटरसाइकिल हीरो स्पलेंडर यूके06 बीडी/7712 से 10.50 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। जिस सम्बन्ध में थाना सितारगंज में गुरमीत सिंह के विरूद्ध धारा-8/21/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी ली जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में भूपेन्द्र सिंह बृजवाल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सितारगंज, उप निरीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट, हेडकांस्टेबल नरेन्द्र, कांस्टेबल कमल नाथ गोस्वामी शामिल थे।

## दबंग ने महिला पर किया हमला

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में रावत जी नामक शख्स ने महिला मजदूर पर तलवार से प्राणघातक हमला करते हुए उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ अभियोग दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में ग्राम गोपीपुरा पांडे कॉलोनी निवासी राजमाला पत्नी भूरा दिवाकर ने बताया कि बीते 2 जून की शाम लगभग 5:30 बजे जब वह घर के समीप सड़क किनारे घास काटने गई थी इसी दौरान घर के सामने रहने वाला रावत जी नामक शख्स उसे घास काटने से मना करने लगा। महिला ने जब इसका विरोध किया तो बताते हैं कि रावत जी नामक शख्स शराब के नशे में चूर होकर हाथ में तलवार लिए महिला के घर जा धमका और गाली गलौज करते हुए उस पर तलवार से जानलेवा हमला कर महिला को बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। इस दौरान दबंग रावत ने महिला को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 323 504 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए।

# नामिक ग्लेशियर बेस कैंप ट्रैक कर वापस लौटे पर्यटक

बागेश्वर (उद संवाददाता)। वन्दे मातरम् ग्रुप द्वारा पहाड़ों में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से द डोइज ग्रुप और लीती होमस्टे कैंपिंग एंड ट्रैकिंग के सहयोग से एक जून से पाँच जून तक पाँच दिवसीय ट्रैकिंग को संपन्न किया। जिसमें भूपेन्द्र कोरंगा ने बताया कि प्रदेश के अलग अलग जिलों और काशी बनारस से एक तारीक को हल्द्वानी से ट्रैकर्स लीती को रवाना हुए। एक तारीक को लीती के चार होमस्टे में उनको ठहराया गया। दो जून को लीती स्थित आलू और कीवी के खेतों में लेजाकर खेती के बारे में काश्तकारों ने जानकारी दी। जिसके बाद बागेश्वर के अंतिम गाँव गोगिना में मशकबीन से सभी का स्वागत हुआ। हाई स्कूल गोगिना ने हस्तनिर्मित रिंगाल के बैज लगाकर स्वागत किया जिसके बाद सभी ट्रैकर्स ने विद्यार्थियों को अलग अलग विषयों की जानकारी दी। दोपहर के बाद गोगिना से पिथौरागढ़ के अंतिम गाँव नामिक के लिये चार किलोमीटर का ट्रैक किया और नामिक गाँव के दो होम स्टे में ठहरे। तीन जून को नामिक गाँव से नामिक गलेशियर बेस कैंप और बेस कैंप से वापस नामिक गाँव तक 22 किलोमीटर का ट्रैक किया। चार जून को नामिक गाँव भ्रमण किया और नामिक गाँव से वापस गोगिना तक चार किलोमीटर ट्रैक किया और सभी ट्रैकर्स ने रास्ते में कूड़ा साफ किया। गोगिना से लीती के बीच स्थित घराट और ट्राउड मछली के तालाबों का भ्रमण किया। चार जून की शाम को लीती की स्थानीय महिलाओं द्वारा झोड़ा चांचरी की प्रस्तुति दी और सभी ट्रैकर्स ने इसमें सहभागिता की। पाँच जून को सभी ट्रैकर्स ने नाश्ता के बाद वहाँ के स्थानीय उत्पाद कीवी जूस, कीवी जैम और डालें खरीद की। जिसके बाद पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंटर कॉलेज शामा में वृक्षारोपण किया। जिसके बाद सभी ट्रैकर्स ने हल्द्वानी को प्रस्थान किया। आयोजकों ने बताया कि सभी ट्रैकर्स को हर दिन आर्गेनिक पहाड़ी भोजन किया और पहाड़ी रहन सहन, खघन पान और प्रकृति के सुंदर एहसास को जियाद पगडंडी और द हिमालयन स्ट्रोलर चौनल ने इस पूरे ट्रैक को कवर किया है। लीती,गोगिना और नामिक के सभी होम स्टे संचालकों ,काश्तकारों और जन प्रतिनिधियों ने वन्दे मातरम् के इस काम को सराहा।



# प्रदेश अध्यक्ष ने महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं के साथ ली बैठक

देहरादून(उद संवाददता)। प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस ज्योति रौतेला ने मंगलवार को अपने गढ़वाल व कुमाऊ के दौरे पर प्रथम दिन कोटद्वार में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं के साथ प्रथम बैठक ली। बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष रश्मि पटवाल द्वारा किया गया। बैठक में मुख्यत: आगामी निकाय व लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति बनाई गई व भाजपा की नाकामियों को जन जन तक पहुचाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, नगर निगम महापौर हेमलता नेगी, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस रश्मि पटवाल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र सिंह रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष रंजना रावत, जिला अध्यक्ष विनोद डबराल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा, चन्द्र कला नेगी, विजय रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष अमित राज सिंह, गीता रावत, यूथ कांग्रेस सोशल मीडिया अध्यक्ष राजा आर्य सहित सैकड़ों कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी द्वारा किया गया।



# गरीबों को मिलेगा 5 रुपये में भरपेट भोजन

सितारगंज(उद संवाददाता)। श्री गुरु तेग बहादुर सोसाइटी व जिन्दगी जिन्दाबाद के तत्वाधान में सितारगंज में जरुरतमंद लोगों के लिए 5 रुपये में भोजन की समुचित व्यवस्था का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने फीता काटकर भोजन वैन का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि मंजूनाथ टीसी ने कहा कि सिक्ख समाज मानवता की मिसाल हैं,गुरुद्वारों में प्रतिदिन निरन्तर लंगर के माध्यम से कितने ही लोगों को अन्न खिलाकर सेवाकार्य कर रहे हैं आज इन्होंने रुद्रपुर से भोजन थाली की शुरुआत करते हुए विस्तार के रुप में सितारगंज में भी 5 रुपये में भोजन थाली की शुरुआत की है सम्पूर्ण टीम बधाई की पात्र हैं। जिन्दगी जिन्दाबाद के अध्यक्ष करमजीत सिंह चन्ना ने समिति के माध्यम से किये गये समाज कार्यों का उल्लेख किया उन्होने बताया कि समिति जरुरतमंद लोगों को भोजन के साथ साथ गरीबों को निशुल्क दवाईयां,पर्यावरण के प्रति जागरुक नागरिक आदि कार्यो से समाज में कार्य कर रहे हैं। दर्जा राज्यमंत्री राजपाल सिंह ने कहा कि गुरुनानक देव जी के आशीर्वाद से सिक्ख समाज हमेशा समाज की सेवा में समर्पण भाव से काम करता है। कार्यक्रम के संयोजक व आयोजक देवेन्द्र सिंह ने सभी का आभार जताया व भोजन वैन समाज को समर्पित करी। इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री राजपाल सिंह वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल,पवन बड़सीवाल,लख्खविन्दर सिंह लक्खा,सुखवीर सिंह बेदी, जिन्दगी जिन्दाबाद समिति के अध्यक्ष करमजीत सिंह चन्ना,हरजिन्दर सिंह लाडी,लवली लाम्बा, इकबाल सिंह,दलजीत सिंह खालसा, गुरविन्दर सिंह सोनू, दलजीत सिंह, देवेन्द्र सिंह,गुरदयाल सिंह,हरप्रीत सिंह, रणवीर सिंह राणा,बॉबी भाटिया, राजन सिंह, अरविन्द गुप्ता, रमेश गोयल, बलवीर सिंह,आशीष सिंह, अमित रस्तोगी मक्खन सिंह कीवा, गुरमीत सिंह, मंजीत सिंह, मंजीत सिंह सैक्खो,भूपेन्द्र मटियाली,हरप्रीत सिंह, करमजीत सिंह,ज्ञान सिंह राणा, गुरप्रीत सिंह ओझला, गुरमेल सिंह, जयमल सिंह,रणवीर सिंह,सर्वजीत सिंह, विजय सलूजा,भूषण बड़सीवाल, विलायती राम कक्कड़,हरीश तनेजा, विकास मित्तल,शिवपाल सिंह चौहान, राकेश त्यागी,नरेश कंसल, शीतल सिंघल, रामनिवास गोयल, सत्यनारायण जैन आदि मौजूद रहे।



# कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष दर्शनलाल का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल अपने प्रदेश भ्रमण कार्यक्रम के दौरान रूद्रपुर पहुंचे। उनका पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ता के साथ बैठक कर उन्होंने प्रदेश भर में दलितों के उत्पीडन के खिलाफ लड़ाई तेज करने की बात कही। वहीं कहा उजाड़े जा रहे गरीबों को बचाने के लिए कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी। दर्शनलाल ने कहा दलित बच्चियों के साथ हो रहे दुष्कर्म के मामलों के खिलाफ भी कांग्रेस पार्टी मोर्चा लगातार खोले हुए हैं और ऐसे लोगों को बख्शा नही जायेगा। उन्होंने बताया भूमिहीनो को भूमि आवटित कराई जाए, बैकलॉक भर्तियां पूरा किया जाए, प्रमोशन आरक्षण बहाल किया जाए, छात्रों छात्रवृत्ति दी जाए, अनुसूचित जाति की सरकारी जमीन में कई सालों से जिनका कब्जा है उनके नाम पर कर दिया जाए आदि बिन्दुओ पर संघर्ष किया जायेगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजेश कुमार,राम प्रसाद, सुनील आर्य, प्रशांत सिंह आदि मौजूद रहे।



# आयोग की परीक्षाएं पारदर्शिता के साथ संपन्न करायें: मर्तोलिया

बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग जी.एस. मर्तोलिया ने आगामी 11 जून एवं 09 जुलाई को आयोग द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को कहा है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने को कहा। यहां दौरे में आए श्री मर्तोलिया ने जिलाधिकारी अनुराधा पाल, पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, कोषाधिकारी इंदर सिंह के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं को नकलविहीन एवं शांतिपूर्वक संपादित कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए परीक्षा केंद्रों में मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ ही परीक्षार्थियों की सघन चौकिंग की जाए।श्री मर्तोलिया ने कहा परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखी जाए, साथ ही परीक्षा केंद्रों में बायोमेट्रिक उपस्थिति के साथ ही जैमर भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने में यदि स्थानीय प्रशासन और बेहतर संसाधन उपयोग कर सकता है, तो उसे भी किया जाए। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षाएं आयोजित होंगी। पेपर पुलिस सुरक्षा में लाए व ले जाए जाएंगे तथा ट्रेजरी लॉकर में सुरक्षित रखे जाएंगे। उन्होंने कहा पुलिस के साथ ही स्थानीय अभिसूचना इकाई जनपद में चल रहे कोचिंग संेटरों के साथ ही उनमें कोचिंग दे रहे शिक्षकों का भी सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे तथा इसकी सूची मुख्य शिक्षा अधिकारी को भी उपलब्ध कराएंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल, उपजिलाधिकारी हरगिरि, राजकुमार पांडे, पुलिस उपाधीक्षक एसएस राणा सहित अभिसूचना इकाई के निरीक्षक आदि उपस्थित थे।

# ट्रैफिक पुलिस ने बचाई घायल की जान

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मूर्छित होकर घायल अवस्था में सड़क किनारे गिरे व्यक्ति को ट्रैफिक पुलिस ने अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई और उपचार के बाद सकुशल उसके घर पहुंचाया। जानकारी के अनुसार टैक्सी स्टैण्ड तिराहा पर ड्यूटी में मौजूद इण्टर सेप्टर प्रभारी अयूब अली को एक बालिका ने सूचना दी कि एक व्यक्ति बेसुध होकर घायल अवस्था में सड़क किनारे गिरा है जिसके सिर से खून बह रहा है। उक्त सूचना पर निरीक्षक यातायात गणेश सिंह हरड़िया व इण्टरसेप्टर प्रभारी अयूब अली द्वारा हमराही कानि राजेन्द्र नाथ को साथ लेकर तत्काल मौके पर पहुंचकर मूर्छित घायल व्यक्ति को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा पहुंचाया गया। घायल व्यक्ति वीर सिंह निवासी पाताल देवी अल्मोड़ा के सिर से अत्यधिक खून बह रहा था, चोट गंभीर होने के कारण इमरजेन्सी में चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया। घायल व्यक्ति के पेंट की जेब में 15,700 रुपये व एटीएम कार्ड था। उपचार के बाद परिजनों से सम्पर्क कर उनको जानकारी दी गयी व टेक्सी चालक आनन्द रावत की सहायता से उनके घर पहुचाया गया तथा धनराशि 15,700 रुपये व एटीएम कार्ड सकुशल उनकी पत्नी के सुपुर्द किये गये परिजनों द्वारा अल्मोड़ा पुलिस के मानवता के इस अमूल्य कार्य के लिए आभार व्यक्त किया गया।



# हरिद्वार में प्रस्तावित किसान चिंतन शिविर में सहभागिता का आह्वान

गदरपुर(उद संवाददाता)।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक बैठक गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी के नेतृत्व आयोजित की गई जिसमे हरिद्वार में चलने वाले 9,10 एवं 11 जून को तीन दिवसीय किसान चिंतन शिवर में जिले से किसानों की सहभागिता हेतु विस्तार से चर्चा की गई



सलविंदर सिंह कलसी ने कहा, हरिद्वार में 9 ,10 और 11 जून को किसान चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अपने क्षेत्र से किसानों की सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा करने के उपरांत जिम्मेदारियां सौंपी गई । जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा, किसानों को हरिद्वार में होने वाले चिंतन शिविर में ले जाने और जिला उधम सिंह नगर से लंगर के लिए रणनीति बनाई गई और जिम्मेदारियां सौंपी गई । इस मौके पर विक्रम सिंह गोराया ,हैपी सिंह विर्क,पलविंदर सिंह,सुखविंदर सिंह,प्रधान संजय चौधरी, स्वदेश डंग,रविंदर सिंह,सुखविंदर सिंह बठला,राजेंद्र सिंह,गुरबक्श सिंह,साहब सिंह, हरविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह सहित अन्य किसान मजदूर मौजूद थे।

# दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में मामूली बात पर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के पांच लोगों को संबंधित धाराओं में नामजद करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर प्रथम पक्ष के जुड़का नंबर 2 कुंडेश्वरी निवासी जोगिंदर सिंह पुत्र रतन सिंह ने बताया कि बीते 5 जून की शाम लगभग 6:00 बजे जब उसका पुत्र गुरु वंश सिंह मजदूरों को छोड़ने ग्राम जुड़का नंबर 2 में जा रहा था इसी दौरान मार्ग में सोनू गौतम नामक शख्स ने अपने घर के सामने ट्रैक्टर ट्रॉली रोककर जितेंद्र व राजेंद्र उर्फ मुन्नू पुत्र गण जगबीर सिंह ने गाली गलौज करते हुए उसके पुत्र के साथ मारपीट की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब वह न्याय की गुहार लगाने पुलिस चौकी पहुंचा दो वहां अजय गौतम पुत्र जगबीर सिंह ने गाली गलौज करते हुए सतवीर को एससी एसटी एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जितेंद्र राजेंद्र व अजय के खिलाफ धारा 323 504 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया। इसी तरह दूसरे पक्ष के जुड़वा नंबर 2 निवासी वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घटना वाले दिन शाम लगभग 6:00 बजे गुरु वंश सिंह आबादी के बीच से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली लेकर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में खेल रहे बच्चे हादसे का शिकार होते हुए बाल बाल बच गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उसने ट्रैक्टर चालक से वाहन धीरे चलाने का अनुरोध किया तो वह आपे से बाहर हो गया और गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी गुरवंश ने उसकी हत्या करने के लिए कृपाण रखा है। आरोपी ने उसे घर में घुसकर मौत के घाट उतारने का प्रयास भी किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुरवंश सिंह तथा जोगिंदर सिंह के खिलाफ धारा 323/ 452/ 504/ 506/3(1)आर एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# बच्चों को करायेंगे गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब के दर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, गोल मार्केट में गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित तेरह दिवसीय गुरमति ज्ञान समर कैम्प में प्रतिभाग कर रहे बच्चों को भाई दर्शन सिंह, गुरजीत सिंह, रंजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, कंवलजीत कौर, हरप्रीत कौर, कमलजीत कौर, मनमीत कौर, तलविन्दर कौर, सुरेखा छाबड़ा तथा एकता बठला द्वारा पंजाबी व गुरमुखी भाषा का ज्ञान देने के साथ ही सिख धर्म के गुरू साहिबान की जीवनी, शहीदों का इतिहास, सिख धर्म के मुगले सिद्धांत सहित कई महत्वपूर्ण बातों का ज्ञान कराया जा रहा है। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि गुरमत ज्ञान कैम्प में प्रतिभाग कर रहे सभी बच्चों को आगामी 12 जून दिन सोमवार को प्रात: गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के दर्शन के लिए ले जाया जायेगा। जहां बच्चों को गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के इतिहास की जानकारी देने के साथ ही दूध वाला कुआं, बाउली साहिब, श्री पीपल साहिब, नानक सागर आदि तीर्थ स्थलों के दर्शन कराकर उन्हें इनके इतिहास की विस्तार से जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि 13 जून को कैम्प के समापन अवसर पर दस्तार सजाओ प्रतियोगिता के साथ ही कैम्प के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित भी किया जायेगा। इस मौके पर प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, मनजीत सिंह मक्कड़, सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, परविन्दर सिंह पम्मा, गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, हरविन्दर सिंह, कुलवंत सिंह, किशनपाल चौधरी आदि मौजूद थे।



# स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय का महान योगदान: राज्यपाल

नैनीताल(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को सेवा प्रकल्प संस्थान, उत्तराखंड द्वारा खटीमा में आयोजित 'स्वतंत्रता आंदोलन में जनजाति नायकों का योगदान' महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में लगी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय ने महत्वपूर्ण और महान योगदान दिया है। जनजातीय समाजों ने अपने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शक्तिशाली और प्रभावशाली रूप से संघर्ष किया है। जनजातियों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपनी सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक संगठन को सशक्त किया। राज्यपाल ने कहा की जनजातीय समाजों ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ सशक्त आंदोलन चलाए, गुड़िया सत्याग्रह, असहिष्णुता के खिलाफ संगठन किया और आर्य समाज, सनातन धर्म सभा जैसे आंदोलनों में भी अपना योगदान दिया। वीर बिरसा मुंडा, सिद्धो और कान्हु मुरमु जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी जनजातियों ने अपने लोगों को विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ उठने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने




भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपनी जानों को न्यौछावर करते हुए लोक विद्रोह के माध्यम से अपनी स्वतंत्रता को प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा की उत्तराखण्ड में जब जनजातीय समाज की चर्चा होती है तो 5 मुख्य जनजातियां थारू, बुक्सा, जौनसारी, भोटिया एवं राजी समाज का जिक्र आता है। इन सभी जनजातियां द्वारा प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। जनजातीय समाज का प्रयास, सबका प्रयास, ही आजादी के अमृतकाल में बुलंद भारत के निर्माण की ऊर्जा है। भारत सरकार ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है, जनजातीय समाज के आत्मसम्मान के लिए, आत्मविश्वास के लिए, अधिकार के लिए, हम दिन- रात मेहनत करेंगे, जनजातीय गौरव दिवस इस संकल्प को दोहराने का दिन है। राज्यपाल ने कहा की आज हमारे देश के प्रथम नागरिक के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी, हमारी महामहिम राष्ट्रपति के रूप में ना सिर्फ जनजातीय समाज बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ा रही हैं, श्रीमती मुर्मु जी का जीवन हर भारतीय को प्रेरित करता है। उनके शुरुआती संघर्ष, उनकी समृद्ध सेवा और उनकी अनुकरणीय सफलता हर भारतीय के लिए गर्व करने के समान है। वह हमारे नागरिकों, विशेष रूप से गरीबों, वंचितों और दलितों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी हैं। आजादी का ये अमृतकाल, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का काल है। भारत की आत्मनिर्भरता, जनजातीय भागीदारी के बिना संभव ही नहीं है। राज्यपाल ने कहा की आदिवासी और ग्रामीण समाज में काम करने वाले ये देश के असली हीरो हैं। यही तो हमारे डायमंड हैं, यही तो हमारे हीरे हैं। प्राचीन काल से भारत के विभिन्न जनजाति समुदाय अपनी विशिष्ट जीवन शैली एवं संस्कृति का पालन करते आए हैं और इसी कारण उन्होंने अपना स्वाभिमान जीवित रखा है। जनजातीय समाज ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अपने सांस्कृतिक संपदा, सामाजिक संगठनों, नेतृत्व और संघर्ष के माध्यम से देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाई। उनका योगदान हमारे देश की स्वतंत्रता के इतिहास में महत्वपूर्ण है और हमें हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि एक राजकुमार (भगवान राम) के पुरुषोत्तम बनने में सबसे बड़ा योगदान जनजातियों का था। राज्यपाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जनजातियों का सेना में भी बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि जनजातियों ने खेल से लेकर फौज तक सभी क्षेत्रों में कमाल किया है। उन्होंने कहा कि अपने महापुरुषों, कला, संस्कृति को अच्छी तरह समझे और दुनिया को भी अपनी महान विरासत से परिचित कराएं। उन्होंने टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अधिक से अधिक उपयोग करने पर भी बल दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, तुषार सैनी, सहित डॉ. अग्रवाल, देव सिंह राणा, हरीश राणा, मलकीत सिंह राणा, सुश्री कामिनी राणा, सुरेश चंद्र पाण्डेय, ओम प्रकाश राणा, डॉ. देव सिंह, संदीप राणा, सुश्री संजना राणा, सुश्री सुष्मिता राणा, डॉ. विवेक अग्रवाल, दान सिंह राणा, मधु राणा, ए.प्रिया आदि उपस्थित थे।

# एक्सीडेंट मामले की लीपापोती कर रही है रामनगर पुलिस

## घटना के छह माह बाद भी नहीं मिल सका न्याय, दावे हवाई

रामनगर(उद संवाददाता)। एक्सीडेंट के एक मामले में न्याय दिलाने के नाम पर रामनगर पुलिस ने विवेचना में मामले की लीपापोती कर मित्रता सेवा सुरक्षा जैसे जुमले की धज्जियां उड़ा दी। ज्ञातव्य है कि बीते 9 जनवरी को काशीपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव जरूरी कार्य वश मोटरसाइकिल से जब रामनगर जा रही थे इसी दौरान अपराह्न लगभग 12:00 बजे रामनगर के ढेला पुलिस चौकी क्षेत्र में चोर पानी के समीप सामने से द्रुतगति से चली आ रही किया कार्निवल कार संख्या एच आर 10 ए एल/1818 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से सामने से मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर पत्रकार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान जब पत्रकार गंभीर चोट लगने के कारण बेहोश हो गए तो मौके पर जमा भीड़ देखकर वाहन चालक घबरा गया। उसने तत्काल पत्रकार को घायल अवस्था में गाड़ी में बिठा कर बेहोशी की हालत में रामनगर के राजकीय चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर लावारिस छोड़ दिया और मौके से फरार हो गया। पत्रकार के परिजनों को जब इसका पता चला तो प्राथमिक उपचार के बाद बेहद नाजुक हालत में पत्रकार को काशीपुर लाकर मुरादाबाद रोड स्थित सहोता हॉस्पिटल में भर्ती कराया। सिटी स्कैन व एक्सरे में सिर में दो जगह से हड्डी में फ्रैक्चर तथा एक हाथ में फ्रैक्चर पाया गया। उपचार के दौरान 13 जनवरी को तहरीर के आधार पर रामनगर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन कार्यवाही के नाम पर एक भी कदम आगे नहीं बढ़ी। काफी समय बीत जाने के बाद मामले की विवेचना ढेला पुलिस चौकी चार्ज पुष्पेंद्र राणा को दी गई लेकिन विवेचना के नाम पर पुष्पेंद्र राना एक भी कदम आगे नहीं बढ़ सके। सप्ताह भर पूर्व जब पत्रकार ने इस बारे में मोबाइल फोन पर विवेचक से जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस मामले में वाहन का पकड़ा जाना बेहद मुश्किल है। जबकि वाहन का नंबर और आरोपी की तमाम डिटेल गूगल के माध्यम से पूरी तरह सार्वजनिक है लेकिन पुलिस इस मामले में रुचि नहीं ले रही है। यहां काबिले गौर यह है कि एक पत्रकार को यदि मित्र पुलिस न्याय दिलाने के लिए इस कदर परेशान कर रही है तो मित्रता सेवा सुरक्षा के नाम पर आम जनता का प्रदेश में क्या हाल है अंदाजा स्वत: लगाया जा सकता है।

### तो क्या सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास महज ढोंग है?

काशीपुर। एक्सीडेंट की इस घटना में न्याय पाने के लिए पीड़ित पत्रकार द्वारा सीएम पोर्टल पर दो बार शिकायत की गई लेकिन मुख्यमंत्री शिकायत डेक्स से कोई रिस्पांस नहीं मिला। इसी तरह एन यू जे आई के जिला अध्यक्ष उधम सिंह नगर द्वारा पुलिस के तमाम उच्चाधिकारियों समेत डीजी को भी लिखित शिकायत प्रेषित किया लेकिन इसके बाद भी विवेचक द्वारा मामले में लापरवाही का बरता जाना इस बात का द्योतक है कि पूंजीपति का पैसा कानून पर भारी है। दूसरी ओर सीएम के पोर्टल पर भी दो-दो बार लिखित शिकायत के बावजूद किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही का न होना दर्शाता है कि भाजपा सरकार का सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का नारा महज ढोंग है।

# आवारा घूम रहे पशुओ को शहर से बाहर बने गौशालाओं में भेजने की कार्ययोजना बनायी जाये


अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गंगा कमेटी की बैठक नवीन कलैक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व बैठकों में दिये गये निर्देशों के अनुपालन पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा की। इस दौरान परियोजना निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि नदियों के किनारे पड़ने वाले ग्राम पंचायतों व शहरी क्षेत्र का ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन जिन स्थानों में डाला जा रहा है उन स्थानों को भी चिन्हित करने का कार्य गतिमान है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर ग्राम पंचायतों में स्वच्छता को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाये जा रहे है। बैठक में जिलाधिकारी ने शहरी व ग्राम पंचायत स्तर पर एकत्र जैविक व अजैविक कूड़े का निस्तारण करने के साथ ही नगर पालिका व जिला पंचायत विभाग अपनेअपने क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने एसएसजे परिसर में बन्द पड़े नालो व कल्मटो को मानसून से पूर्व खोलने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिये। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये कि शहर में आवारा घूम रहे पशुओ को शहर से बाहर बने गौशालों में भेजने की कार्ययोजना बनायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय नदियों एवं उनकी सहायक नदियों जिनसे स्थानीय निवासियों की जलापूर्ति होती हो उनका संरक्षण एवं विकास करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि कोसी, रामगंगा, आदि नदियों के किनारे स्वच्छता अभियान चलाकर हमें स्वच्छ रखना होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि नदी किनारे डम्पिंग जोनों को भी चिन्हित किया जाय। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, सिविल सोयम ध्रुव सिंह मर्तोलिया, परियोजना निदेशक चन्द्रा फर्त्याल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# मेट्रोपोलिस में सत्यापन अभियान से हड़कम्प

## बिना सत्यापन रह रही युवती पर लगाया पांच हजार जुर्माना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम प्रभारी इंस्पेक्टर बसंती आर्य के नेतृत्व में पुलिस सत्यापन के लिए मेट्रोपोलिस पहुंची। पुलिस ने बिना पुलिस सत्यापन रह रही युवती का पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगा दिया। टीम प्रभारी के मुताबिक थाना पंतनगर क्षेत्र सिडकुल में बिना सत्यापन रह रहे लोगों की शिकायतें आ रही थी। शिकायत के बाद मेट्रोपोलिस में चेकिंग की गई तो बी1-7 फ्लैट में एक युवती बिना पुलिस सत्यापन के रहते पाई गई। युवती यूपी की हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि युवती का मौके पर पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 5000 का चालान किया गया। इसके साथ ही मेट्रोपोलिस में रहने वाले लोगों को हिदायत दी गई कि यदि कोई भी व्यक्ति बिना पुलिस सत्यापन के रहते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से कहा कि पुलिस सत्यापन के बाद ही किरायेदार रखें और कोई संदिग्ध दिखे तो पुलिस को सूचना दें।



# प्रभु की कृपा पात्र बनने की कोशिश करें, दया पात्र नहीं: हरिचैतन्यपुरी

गढ़ीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर एवं संत स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरिकृपा धाम आश्रम में विशाल समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी कोई भी क्रिया, चेष्टा, व्यवहार या कर्म ऐसा न हो जाए जिसे देखकर कोई उंगली उठाये। आपके जीवन में वांछित परिवर्तन भी आना चाहिए। अपनी गलतियों और बुराइयों को समझें व दूर करें। दूसरों पर मिथ्या दोषारोपण से कहीं बेहतर है कि स्वयं आत्म अन्वेषण करें। कई बार हम स्वयं गलतियां करते हैं, स्वयं अपने हाथो अपने लिए पतन का गड्ढा खोदते हैं व दोष दूसरों को देते हैं। दूसरों में दोष ढूंढने के कारण हमें अपने अंदर दोष होते हुए भी दिखाई नहीं देते। आंखें सबको देखती है पर अपने को नहीं देख पाती। निष्पक्ष ,शांत, एकाग्रचित्त होकर अपनी आत्मा की आवाज सुनें, तो पता चल जाएगा कि लोग हमें क्या समझते हैं, हमारा मन क्या समझता है, परन्तु वास्तव में हम हैं क्या ? उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ व मर्यादित बनाने के लिए जहाँ से अच्छाई मिले वहाँ से ग्रहण करके अपने जीवन को समाज के लिए कल्याणकारी श्रेष्ठ व मर्यादित बनाए। संसार में किसी को भी, कभी भी, किसी प्रकार से भी दुख, भय या कलेश नहीं पहुँचना चाहिए। हमें प्रभु का कृपा पात्र बनने की कोशिश करनी चाहिए दया पात्र नहीं। प्रेम पूर्वक की गई भक्ति से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। और अपने भक्तों पर कृपा करते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मा व परमात्मा एक ही है मगर फिर भी अलग हैं। परमात्मा सृष्टि के कण कण में विद्यमान् है और आत्मा उसके एक अंश में, परमात्मा का आत्मा के बिना अस्तित्व है मगर आत्मा का परमात्मा के बिना कोई अस्तित्व नहीं है। परमात्मा का इस सृष्टि में सबसे एक ही नाता है भक्ति का। उन्होंने कहा माता-पिता, गुरुजनों, शास्त्र, संस्कृति के प्रति श्रद्धा आदर का भाव रखने को भी कहा। श्री महाराज जी के दिव्य प्रवचन नित्य सांय 4 से 6 बजे तक हो रहे हैं।



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# कमिश्नर ने बसों में ओवरलोडिंग की चैकिंग करने के दिये निर्देश

नैनीताल (उद संवाददाता)। परिवहन निगम द्वारा मार्गों में बसों में बैठे यात्रियों की संख्या तथा टिकट मशीन जांचने के लिए कई निरीक्षकों की नियुक्ति की गई है। बावजूद इसके रोडवेज बसों में नियमों के विपरीत निर्धारित संख्या से कहीं अधिक यात्री सफर करते अक्सर ही देखा जाता है। इन ही नहीं बसों में टैक्स चोरी कर काफी माल भी ढोया जाता है। लेकिन अधिकारी सब कुछ देखने के तो आयुक्त श्री रावत ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि दबाव बडा है या आम आदमी की जान बचाना बडा है। उन्होंने कहा कि कोई हादसा हो जाता है तो इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा दोबारा होने पर चालक एवं परिचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। बस नंदकिशोर आर्य को निर्देश दिये कि रोडवेज बसों की भी नियमित चौकिंग करें क्षमता से अधिक यात्री पाये जाने पर तुरन्त चालान के साथ ही चालक एवं परिचालक के खिलाफ कार्यवाही की जाय। उन्होंने आरटीओ से कहा कि निजी वाहनों ओवरलोडिंग वाहनों की चौकिंग की जिम्मेदारी के साथ ही रोडवेज वाहनों की चौकिंग की भी जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। श्री रावत ने कहा कि यात्रियों की



बावजूद भी आंखे बंद किए रहते हैं। अब नैनीताल बस स्टैंड के औचक निरीक्षण के दौरान रोडवेज की बस में 34 सीटर बस में 80 सवारियां बैठाने को लेकर कुमायूं आयुक्त दीपक रावत ने गम्भीरता से लेते हुये आरएम रोडवेज पूजा जोशी के साथ ही आरटीओ नंदकिशोर आर्य को तत्काल तलब कर उन्हें व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए। अपने स्पष्टीकरण में जब आरएम पूजा जोशी ने कहा कि पर्यटन सीजन के कारण दबाव बढा है। चालक दिनेश जोशी ने बताया गया कि ऐसा प्रतिदिन होता है जिस पर आयुक्त ने आरएम रोडवेज के निर्देश दिये कि सायं 5 बजे रोडवेज की बस जो नियमित समयानुसार नैनीताल से हल्द्वानी आती है उस बस के 15 दिनों के टिकट के अभिलेख तीन दिन के भीतर प्रस्तुत करें। उन्होंने आरएम को निर्देश दिये कि वह नियमित चौंकिग करें तथा पर्यटन सीजन को देखते हुये बसों की संख्या में ईजाफा भी करें। आयुक्त श्री रावत ने आरटीओ सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है कोई दुर्घटना ना हो इसके लिए बस में जितने यात्री के बैठाने की क्षमता है उतने ही यात्री बैठाये जायें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की स्थिति दोबारा होने पर चालक व परिचालक के साथ ही अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इस अवसर पर स्टेशन प्रभारी नैनीताल रमेश रौतेला, चालक दिनेश जोशी, परिचालक देवेश सक्सेना आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल ने सुनी पूर्व सैनिकों की समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में पूर्व सैनिकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं व चुनौतियों के संबंध में चर्चा की। काठगोदाम पहुंचने पर पूर्व सैनिकों द्वारा राज्यपाल का स्वागत किया गया। हुए पूर्व सैनिक व उनके परिवारों की समस्याओं के समाधान हेतु राजभवन में एक अलग से शिकायत प्रकोष्ठ (ग्रीवांस सेल) बनाया गया है जिसमें शिकायत निवारण अधिकारी की तैनाती गयी है। उन्होंने कहा की राजभवन में यह भी व्यवस्था की गई है की वीरांगनाओं, पदक विजेताओं व दिव्यांग पर पूर्व सैनिकों द्वारा राज्यपाल के समक्ष विभिन्न समस्याएं रखीं गई जिनमें मुख्य रूप से हल्द्वानी में स्टेशन कैंटीन की स्वीकृति दिलाए जाने, मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत हल्द्वानी में पूर्व सैनिकों के बच्चों हेतु छात्रावास व बिन्दुखत्ता में सैनिक मिलन केंद्र हेतु की गई घोषणा के बावजूद कार्यवाही नहीं



बैठक के दौरान राज्यपाल ने कहा की प्रत्येक पूर्व सैनिक व उनके परिवारों की समस्याओं का समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा की पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याएं होती हैं जिनका समाधान किया जाना बेहद जरूरी है, इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। राज्यपाल ने कहा की उत्तराखण्ड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है जिसमें लगभग प्रत्येक परिवार से कोई न कोई देश सेवा कर रहा है इसे देखते पूर्व सैनिकों के लिए अपॉइंटमेंट की जरूरत नहीं है वे सीधे राज्यपाल से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रख सकते हैं। राज्यपाल ने कहा की पूर्व सैनिक उत्तराखण्ड में पर्यटन, कृषि, वेलनेस, और होम स्टे जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़कर कार्य करें और प्रदेश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दें। यहां प्रत्येक क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं, पूर्व सैनिक किसी भी क्षेत्र में बेहतर कार्य कर एक रोल मॉडल बनें। इस अवसर होने और पेंशन संबंधित समस्याओं व ईसीएसएच सुविधाओं के विस्तार से संबंधित सुझाव रखे। राज्यपाल ने सभी सुझावों एवं समस्याओं पर उचित कार्यवाही को आश्वासन दिया। उनकी समस्याओं को सुनने के लिए सभी पूर्व सैनिकों द्वारा राज्यपाल का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष पूर्व सैनिक लीग, मेजर (रि.) वी.एस. रौतेला सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक व सैनिक लीग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# यातायात,सत्यापन व अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई में हो सुधार : आईजी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आईजी कुमाऊं डा. नीलेश आनंद भरणे ने एन्टी न्यूसेंस स्कवॉड, पुलिस वॉलिन्टियर्स के साथ हल्द्वानी शहर की यातायात व्यवस्था एवं सत्यापन की कार्यवाही, अतिक्रमण आदि को लेकर कैंप कार्यालय हल्द्वानी में गोष्ठी की। गोष्ठी के दौरान उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारी बार-बार समझाने के बाद भी अनुपालन नहीं कर रहा है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर अभियोग पंजीकृत किए जाए। रास्ते पर जितनी भी फड, ठेली, दुकान, खोखा आदि है। उन्हे अपना सत्यापन कराना है। नगर निगम द्वारा जारी पहचान पत्र वैडर कार्ड व पुलिस सत्यापन प्रमाण नियम में 10000 तक का चालान किया जाये। सड़कों पर सफेद रेखा से पार्क की जा रही गाड़ियाँ, अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। फुटपाथ पर लगाये जा रहे अवैध फड़-ठेली, अतिक्रमण को हटाया जाए। सड़को पर दुकान आदि द्वारा अवैध रूप से स्थाई किए गए साईन



अभियान गत 24 मई से लगातार जारी है। अब तक की कार्रवाई संतोषजनक रही है किंतु अभी और अधिक सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों पर अवैध रूप से किए जा रहे अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे यदि कोई पत्र सभी को अपने पास रखना है। लघु व्यापारियों को आई कार्ड को हमेशा अपने गले में लटकाना होगा। एन्टी न्यूसेंस स्काड द्वारा चलाये गये अभियान व छापेमारी में पहचान पत्र/सत्यापन प्रमाण पत्र नहीं पाया जाता है। तो सम्बन्धित के खिलाफ पुलिस अधि बोर्ड आदि से यातायात बाधित हो रहा है जिन्हें एन्टी न्यूसेंस स्कॉट द्वारा हटाए जाये व आवश्यक वैधानी कार्यवाही/ चालानी कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर के उच्चाधिकारियों व सम्बन्धित थाना प्रभारियों द्वारा भी समय-समय पर अभियान की समीक्षा की जाए।

# इंडो नेपाल सॉकर फुटसाल प्रतियोगिता में यूएसनगर के खिलाड़ियों ने जीता रजत पदक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नेपाल के पोखरा में आयोजित हुई अंतर्राष्ट्रीय इंडो ख्रनेपाल सॉकर फुटसाल प्रतियोगिता में जनपद के खिलाड़ियों ने रजत पदक जीतकर भारत देश का नाम गौरवान्वित किया है।जानकारी देते हुए उत्तराखंड सॉकर फुटसल संघ के सचिव नीतीश कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिले के खिलाड़ियों के बीच खुशी का माहौल है। और आगे सचिव नीतीश ने बताया की जल्दी ही तीनों खिलाड़ियों को सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के सदस्य व जिला जुजित्सू एसोसिएशन कि सचिव नीतीश कुमार एवं टीम कोच शिवम नेगी की अगुवाई में सॉकर फुटसल खेल का प्रशिक्षण पाकर यहां के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को दुनिया के सामने ला रहे हैं। सॉकर फुटसाल में भी उचित मार्गदर्शन से खिलाड़ियों की प्रतिभा में दिन-प्रतिदिन निखार आ रहा है। इस अवसर पर जय हिंद ऑटो कंपनी







उक्त प्रतियोगिता में इंडियन सॉकर फुटसल फेडरेशन के तत्त्वाधान में आठ सदस्यीय खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जनपद ऊधम सिंह नगर के नैन कोली, शौर्य बेसरा, चिराग भट्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त देश का मान बढ़ाया। ऑफ ऊधम सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती ने कहा कि सॉकर फुटसल में जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में यहां के खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है, जो प्रशंसनीय है। आगे कहा के डायरेक्टर तेजराम बघेल, बैडमिंटन कोच गोविंद परिहार, एसबीएस पीजी कॉलेज स्पोर्ट्स ऑफिसर राजेश कुमार, एथलीट कोच रघुवीर सिंह विर्क, धीरज चौधरी, सतनाम वाला सहित अनेकों लोगों ने बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गूलरभोज को बनाया जायेगा पर्यटन हब: पाण्डे

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक अरविंद पाण्डे ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि गूलरभोज को सौंदर्यीकरण की दृष्टि से शासन को लगभग 18 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर दिया गया है जिस को शीघ्र ही शासन से स्वीकृति प्रदान करवा कर जनता के सुपुर्द किया जाएगा। इस दौरान विधायक पांडे ने कहा कि गूलरभोज को पर्यटन की दृष्टि से सुंदर बनाए जाने के लिए एक प्रारूप तैयार किया जा गया है बौर जलाशय से लगते लिंक मार्गो को टू लाइन में परिवर्तित करके गुलरभोज को प्रदेश में एक नई पहचान के रूप में विकसित किये जाने की रुप रेखा तैयार की गई है ।ताकि देश के अन्दर विभिन्न राज्यो से आने वाले पर्यटक





गूलरभोज जलाशय में पर्यटन का लुफ्त उठा सकेगें। विधायक ने कहा कि पीडब्ल्यूडी काशीपुर, पीडब्ल्यूडी रुद्रपुर एवं पीडब्ल्यूडी हल्द्वानी चीफ से इस सम्बन्ध में एस एस ए के माध्यम से सड़कों का जाल बिछाये जाने का आदेश दिया गय है जिसमें जाफरपुर से गुलरभोज, गदरपुर से गुलभोज, सरदार नगर से गुलरभोज जलाशय, बाजपुर, बहरैनी से बाया बन्ना खेडा होते हुए बौर जलाश्य गुलाभोज तक टू लाइन सड़कों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है ।पांडे ने कहा सड़क चौड़ीकरण से पर्यटकों को जाम से मुक्ति मिलेगी एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा । क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर प्रदान होंगे गूलरभोज क्षेत्र को देश में एक नई पहचान मिलेगी। इस दौरान चैयरमैन प्रतिनिधि तरुण दुबे, भाजपा नेता हिमांशु सरकार, सभासद संजीव भटेजा,सतीश चुघ,रमेश कुमार,गूलरभोज अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी,सुनील शर्मा, इंदर सिंह राठौर, अशोक कुमार वर्मा, शेरु रहलन, योगेश पानू, वरिष्ठ भाजपा नेता बबलू सक्सेना,संतोष श्रीवास्तव, राजकुमार झाम, आदि लोग मौजूद थे।

# जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे..

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार सिद्दू पैलेस वाली, आवास विकास में श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज मंगलवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोईगावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहनहुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने फरियाद मेरी बाबा सुनतेही आया, सुनील कुमार ने येप्रार्थना मेरी, कालू मदान ने दरबार में घाटे वाले के, हरिबाबू ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे, आदि भजन सुनाकर सबकोभक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा कीआरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खघ्रैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, हरिचरण सिंह, बिट्टू अरोरा, जगदीश कटारिया, पंकज कटारिया, बिट्टू कटारिया, अशोकठुकराल, गुलशन नारंग, लाजपत सेतिया, हरीश कुमार, शिव कुमार, लवी अरोरा, आयुष अरोरा, विशाल मदान, शंकर विश्वास, सौरभअग्रवाल, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, बिट्टू अरोरा, अंटू रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, पप्पू कश्यप, कुलदीप गुप्ता, वीरेंद्र सिंह कठेरिया, सौरभ अग्रवाल, सोनू कोली, अनिल कोली, अंश अरोरा, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदिसैंकड़ों भक्त मौजूद थे।



राजकुमार कटारिया की ओर से सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार मेंपहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्रीगुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, पहनाकर भव्य स्वागतकिया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर चले आना, बिट्टू अरोरा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहोमुझको समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, रोहन भटनागर ने आया मैं आया बजरंग बाला

# राज्यपाल ने एसएसबी के जवानों से की मुलाकात

खटीमा(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को भारत-नेपाल सीमा स्थित मेलाघाट पोस्ट में एसएसबी के जवानों से मुलाकात की। राज्यपाल ने यहां सुरक्षाबलों के जवानों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा जवानों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बनबसा में 3 साल के अपने सेवाकाल की यादों को भी जवानों से साझा किया। राज्यपाल ने कहा कि



विषम परिस्थितियों में हमारे जवानों द्वारा नि:स्वार्थ सेवाभाव से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जा रहा है। इन जवानों के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा पर हम सभी को गर्व है। राज्यपाल ने कहा कि इस सीमा क्षेत्र में एक अलग चुनौती है, यहां जवानों को अपने इंटेलिजेंट नेटवर्क को और अधिक बढ़ाकर अलर्ट रहना चाहिए। उन्होंने जवानों से उनकी समस्याओं तथा चुनौतियों के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर एसएसबी के डीआईजी एस.के. ध्यानी, कमांडेंट सुरेश कुमार और जवान मौजूद रहे।

# अशोक गुलाटी बने पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा कृष्ण देव ने वरिष्ठ पत्रकार अशोक



गुलाटी को पत्रकार प्रेस परिषद का कुमांऊ मण्डल प्रभारी मनोनीत किया है। दिल्ली स्थित केन्द्रीय कार्यालय प्रभारी सत्यप्रकाश की ओर से जारी मनोनयन पत्र में कहा गया है कि पत्रकार हितों के लिए समर्पण भाव को देखते हुए अशोक गुलाटी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबाकृष्ण देव के दिशा निर्देश पर कुमांऊ मण्डल प्रभारी मनोनीत किया गया है। उन्होंने अशोक गुलाटी से संगठन को गतिशील बनाते हुए पत्रकारिता जगत, लेखन एवं समाज की भलाई के लिए कार्य करने और पत्रकार प्रेस परिषद को मजबूत करने की अपेक्षा की है। बता दें अशोक गुलाटी इससे पूर्व देवभूमि पत्रकार यूनियन के कुमांऊ प्रभारी एवं उधम सिंह नगर के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। पिछले चार दशक से कुमांऊ में पत्रकारिता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुलाटी वर्तमान में देवभूमि माया नाम से अपना समाचार पत्र और पोर्टल संचालित कर रहे हैं। इसके अलावा कई राष्ट्रीय समाचार पत्रों में भी वह सेवायें दे चुके हैं। अशोक गुलाटी को नया दायित्व मिलने पर कुमांऊ के तमाम पत्रकारों ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं। वहीं अपने मनोनयन पर अशोक गुलाटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बालकृष्ण देव, चेयरमैन ऋषभ मिश्रा आजाद, केन्द्रीय कार्यालय प्रभारी सत्यप्रकाश का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी दी गयी है उस पर वह पूरी निष्ठा से काम करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही कुमांऊ के सभी जनपदों में जिला एवं शहर इकाईयों का गठन किया जायेगा। उन्होंने कहा पत्रकार प्रेस परिषद वर्तमान में देश के 24 राज्यों में पत्रकारों के हितों के लिए काम कर रहा है। परिषद छोटे बड़े सभी समाचार पत्रों के पत्रकारों को समान अधिकार देने का पक्षधर है। उन्होंने कहा कि परिषद के माध्यम से कुमांऊ के पत्रकारों के हितों की आवाज प्रदेश सरकार के समक्ष उठायी जायेगी। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय स्तर पर भी पत्रकारों की महत्वपूर्ण समस्याओं को उठाया जायेगा।

# नेत्रदान के लिए लोगों को किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेत्रदान मोटिवेटर प्रथम बिष्ट ,खेराती चुघ और स्वास्थ्य कर्मियों ने जनजागरूकता अभियान के दौरान बताया कि दुनिया में लगभग चार करोड़ लोग अंधत्ता में जीवन व्यापन कर रहे हैं और भारत में 25% यानि एक करोड़ लोग इसका शिकार हैं और साठ लाख लोग कॉर्निया ब्लिंडनेस का शिकार हैं जो सिर्फ जागरूकता की कमी के कारण अपना जीवन व्यापन अंधेरे में कर रहे हैं। नेत्र ज्योति अभियान में उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में अंधता का प्रसार 0.36 प्रतिशत है। 2015-2018 की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, उत्तराखंड में 50 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग 66 हजार व्यक्ति अंधता एवं 64 हजार आंख के गंभीर रोग का सामना कर रहे हैं। यह भी अनुमान है कि अंधता व आंख के गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या में प्रतिवर्ष 20



प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। ऐसे में राज्य को आगामी तीन वर्षों के लिए दो लाख 15 हजार 400 मोतियाबिंद आपरेशन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें 2022-23 में 59 हजार 800 आपरेशन होने हैं। इसी क्रम में अल्मोड़ा को 2,200, बागेश्वर को 2,000, चमोली को 2,000, चंपावत को 1,800, देहरादून को 10,000, हरिद्वार को 11,000, नैनीताल को 5,800, पौड़ी गढ़वाल को 6,000, पिथौरागढ़ को 2,000, रूद्रप्रयाग को 3,000, टिहरी गढ़वाल को 2,800, उधम सिंह नगर को 8500 व उत्तरकाशी को 2,700 आपरेशन का लक्ष्य दिया गया है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग की टीम और शहीद भगत सिंह सेवा समिति ऊधम सिंह नगर मौजूद थी।



उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जलवायु परिवर्तन

भारत पहले से जलवायु परिवर्तन की गहराती समस्या के मुद्दे पर दुनिया में अपना स्पष्ट पक्ष रखता रहा है।इसमें कोई दो राय नहीं कि वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन एक गंभीर संकट बन चुका है। लेकिन जब से इसके भावी त्रासद परिणामों का आकलन सामने आया है तब से बचाव के क्रम में जो भी कवायदें चल रही हैं, उसके समांतर एक मुश्किल यह सामने आ रही है कि विकसित और धनी देश इस समस्या के लिए पर्यावरण और प्रदूषण की स्थिति के बिगड़ने की जिम्मेदारी लेने के बजाय गरीब या विकासशील देशों को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करते हैं।यह समस्या को जटिल बनाने में अपनी भूमिका से दुनिया का ध्यान हटा कर दूसरी ओर भटकाने की कोशिश ही है। हालांकि अब विकासशील देशों में भी यह बहस जोर पकड़ चुकी है कि अगर समस्या के गहराते जाने में उनकी भूमिका अपेक्षया काफी कम है तो उन्हें मुख्य जिम्मेदार क्यों बताया जा रहा है। इसलिए स्वाभाविक ही इसी संदर्भ से प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। यही वजह है कि भारत के प्रधानमंत्री ने भी विकसित देशों को आईना दिखाया है। उन्होंने साफतौर पर कहा कि गरीब और विकासशील देश कुछ विकसित देशों की 'गलत नीतियों' की कीमत चुका रहे हैं।हालांकि भारत पहले भी जलवायु परिवर्तन की गहराती समस्या के मुद्दे पर दुनिया में अपना स्पष्ट पक्ष रखता रहा है, लेकिन अगर आज भी यह सवाल बना हुआ है तो विकसित देशों को अपने रुख पर विचार करना चाहिए। बिगड़ते पर्यावरण के लिए कौन जिम्मेदार है? यह सही है कि पिछले कुछ दशकों के दौरान जलवायु परिवर्तन या बढ़ते तापमान से जुड़ी चिंताएं गहराती गई हैं। क्योंकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों पर बातें तो खूब हुई हैं, मगर उन पर रोक के लिए जो उपाय सामने आते रहे, उन पर अमल की जिम्मेदारी दुनिया के गरीब और विकासशील देशों पर ही थोप दी गई। जबकि पर्यावरण के बिगड़ने में जिन कारकों की मुख्य भूमिका रही, उसमें सबसे ज्यादा भागीदारी विकसित और धनी देशों की रही है। दशकों से यह तथ्य जगजाहिर रहा है कि विश्व के विकसित देशों में विकास के समूचे पैमाने में पर्यावरण की रक्षा कोई सवाल नहीं था और अगर कुछ था भी तो वह विरोधाभासी था। इसमें अकेला जोर इस बात पर दिया गया कि विकास पहले है, पर्यावरण का सवाल बाद में। अगर इस पैमाने में धरती की आबोहवा को गहरा नुकसान पहुंचा, तो उसकी जिम्मेदारी किस पर जाएगी और क्या उसकी भरपाई इतनी आसान होगी? विडंबना यह है कि सालों से इस मसले पर होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में विकासशील देशों की ओर से ऐसे सवाल उठाए जाते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों या फिर कार्बन डाइआक्साइड के उत्सर्जन के लिए चूंकि विकसित और धनी देश ही मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं, इसलिए इसमें कटौती के लिए पहले ही उनकी ओर से ही ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। गरीब देशों को अभी अपने नागरिकों की जरूरतें पूरी करने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास की जरूरत है, इसलिए उनसे उम्मीद बाद में की जाए। हालांकि इसके बावजूद गरीब और विकासशील देशों ने अपनी ओर से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विकसित देशों के मुकाबले ज्यादा संवेदनशीलता के साथ काम किया है। लेकिन विडंबना यह है कि पर्यावरण और जलवायु को संतुलित रखने की जरूरतों को ताक पर रख कर विकसित देशों ने अपने लिए जो सुविधाएं सुनिश्चित कीं, उसकी कीमत अब दुनिया के गरीब और विकाससील देशों से चुकाने की उम्मीद की जाती है।

## गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब में राज्यपाल ने नवाया शीश

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को श्री नानकमत्ता साहिब स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेक कर देश एवं प्रदेश वासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। गुरुद्वारे पहुंचने पर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष हरबंस सिंह चुग ने उन्हें स्मृति चिन्ह सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।



राज्यपाल ने कहा कि मुझे आज बहुत खुशी हो रही है कि आज गुरू के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, यहां आकर असीम ऊर्जा और शांति की अनुभूति होती है। उन्होने कहा कि सच्चे बादशाह गुरू नानक देव जी ने हमको सरलता, नम्रता, करूणा, सेवा आदि का जो सबक सिखाया है वह बहुत ही अच्छा मार्गदर्शन है। उन्होंने गुरुनानक देव जी महाराज के आदर्शों और सिद्धांतों को में उतारने की जरुरत बताई।

## कैंची धाम मेले में भीड़ नियंत्रण की तैयारियों में जुटी पुलिस

नैनीताल। विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में भक्तों की भीड़ दिन पर दिन उमड़ रही है। 15 जून को कैंची धाम के स्थापना दिवस पर मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें लाखों में संख्या में धाम में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी चुनौती रहने वाली है। जिसको ध्यान में रखकर प्रशासन ने बाहरी जिलों से फोर्स मंगाने की तैयारी कर ली है। इस साल विराट कोहली के साथ ही कई सुपरस्टार कैंची धाम पहुंचे थे।



जिसके बाद से भक्तों का आने का सिलसिला बढ़ गया है। इस साल मेले में भक्तों की संख्या लाखों में पहुंचने का अनुमान है। भक्तों की भीड़ अनियंत्रित न हो और सभी व्यवस्थाएं पटरी पर ही रहें इसके लिए पुलिस-प्रशासन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। मेले के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया है। इसके लिए प्रशासन ने रूट प्लान भी तैयार कर लिया है। बताया जा रहा है कि कैंची धाम में श्रद्धालुओं की तादात हर वर्ष बढ़ रही है जिससे सुरक्षा व्यवस्थाओं के लिये बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और रुद्रपुर से जिले में फोर्स पहुंचेगी। मेलाक्षेत्र में 400 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। जिसमें से पांच सीओ और 12 थानाध्यक्ष होंगे। इसके साथ ही दो प्लाटून पीएसी भी तैनात रहेगी।

## मेट्रोसिटी हॉस्पिटल ने आयोजित किया फ्री हेल्थ कैम्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित मेट्रोसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा मेन चौराहा शक्ति फार्म रोड शहदौरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 मरीजों ने अपनी बीमारियों की जांच कराकर वरिष्ठ चिकित्सकों से आवश्यक सलाह ली। मेट्रोसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के एमडी डॉक्टर मनदीप सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल द्वारा रुद्रपुर, किच्छा, बिलासपुर, गदरपुर इत्यादि जगह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा इन शिविरों के आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनकी बीमारी से अवगत करवाना व उचित परामर्श दिलवाना रहता है। उन्होंने सभी लोगों से अनुरोध किया कि मेट्रोसिटी हॉस्पिटल द्वारा लगाए जा रहे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आए और सही उपचार पाए। शिविर में शुगर, पीलिया, काला पीलिया की जांच इत्यादि निःशुल्क किया जाता है। शिविर को सफल बनाने में मेट्रोसिटी हॉस्पिटल के कर्मचारी प्रिया, कविता, मोहम्मद दानिश, डॉक्टर इमरान, जनरल मैनेजर आशीष थापा आदि विशेष योगदान दे रहे हैं।






## चंपावत में नींबू प्रजाति के पौधों की फल पट्टी विकसित करें

चम्पावत( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी की अध्यक्षता में चंपावत को आदर्श चंपावत बनाए जाने हेतु औद्यानिक विकास कार्यों की समीक्षा बैठक वर्चुअल माध्यम से हुई। बैठक में समेकित खेती को बढ़ावा दिए जाने पर जोर दिया गया। वर्चुअल माध्यम से डॉ0 ए. के. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक आईएआरआई द्वारा जनपद में औद्योनिकी को बढ़ावा दिए जाने हेतु पॉलीहाउस, टनल पॉलीहाउस, सिंचाई टैंक, रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंक, वर्मीकंपोस्ट यूनिट की स्थापना का कार्य कृषकों के प्रक्षेत्र में अधिक से अधिक किये जाने, जिससे कृषक अधिक से अधिक सब्जी उत्पादन एवं फल उत्पादन का कार्य कर अपनी आजीविका में वृद्धि कर सकें। बताया गया कि कृषकों द्वारा बेमौसमी शब्जी उत्पादन कार्य में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली यथा ड्रिप स्प्रिंकलर व माइक्रो स्प्रिंकलर का उपयोग लाभकारी सिद्ध होगा तथा कृषकों को उत्पादों को विपणन की उचित व्यवस्था होगी, जिससे उनको अपने उत्पादों का अच्छा दाम प्राप्त हो सके। बताया गया कि जनपद की



जलवायु नींबू वर्गीय फलों के लिए अनुकूल होने के कारण नींबू प्रजाति के पौधों की फल पट्टी विकसित किए जाने एवं कृषि विज्ञान केंद्र में हाईटेक नर्सरी की स्थापना की जाए। जिससे कृषकों को अच्छी प्रजाति के फल प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त जनपद में अधिक से अधिक आलू बीज एवं अदरक बीज के उत्पादन को भी अधिक बढ़ावा दिया जाए। निदेशक, गोविंद बल्लभ पंत प्रौद्योगिकी एवं कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर अनिल कुमार शर्मा ने वर्चुअल के माध्यम से बताया कि औद्यानिक विकास को बढ़ावा दिए जाने हेतु कृषकों के प्रक्षेत्र का भ्रमण रेखीय विभाग एक साथ करें। जिससे की समेकित खेती को बढ़ावा मिल सके। जिस हेतु केवीके (कृषि विज्ञान केंद्र) के वैज्ञानिक उद्यान विभाग, कृषि विभाग तथा पशुपालन के कार्मिक ग्राम का निरीक्षण कर उन में होने वाले संभावनाओ के आधार पर कार्य योजना तैयार करें। ज्योलिकोट, नैनीताल के हरीश चंद तिवारी वरिष्ठ कीट वैज्ञानिक द्वारा जनपद में मौन पालन की अपार संभावना के दृष्टिगत भी अपने विचार रखते हुए बताया कि मधुमक्खियों के रुपरागण हेतु बीफ्लोरा को बढ़ावा दिए जाने के साथ ही केवीके लोहाघाट को नोडल एजेंसी नामित किए जाए। मधु उत्पाद को जनपद में निर्मित और आउटलेट के माध्यम से मार्केटिंग किया जाए तथा मौन पालन की जनपद में अधिक से अधिक प्रशिक्षण कराया जाए जिससे कि कृषक मौन पालन में निपुण हो सके। बैठक में जिले से मुख्य विकास अधिकारी आरएस रावत, जिला उद्यान अधिकारी टी एन पांडे, कृषि अधिकारी जीएस भंडारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पीएस भंडारी व अन्य वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## केदारनाथ यात्रा की हेली सेवा टिकट बुकिंग करने के नाम पर दिल्ली के यात्रियों से ठगी

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर टिकट बुकिंग के नाम पर एक बार फिर ठगी का मामला सामने आया है। दिल्ली के यात्रियों से टिकट बुकिंग के नाम पर 51 हजार रुपये की ठगी हुई है। पीड़ित की ईमेल से मिली शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। चारधाम यात्रा के शुरू होने के बाद से अब तक हेलिकॉप्टर टिकट के लिए ठगी की ये तीसरी घटना है। मिली जानकारी के मुताबिक नई दिल्ली से मुकेश कौशिक अपने तीन मित्रों के साथ बीते 28 मई को केदारनाथ के लिए गुप्तकाशी पहुंचे थे। जहां पहुंच उन्होंने हेलिकॉप्टर टिकट के लिए ऑनलाइन चेक किया। इस दौरान उन्हें एक नंबर मिला। जिस पर कॉल कर उन्होंने टिकट बुकिंग की बात की। जिसमें उन्हें 24 हजार रुपये प्रति टिकट के हिसाब से टिकट देने की बात तय हुई। 24 हजार रुपये प्रति टिकट देने की बात पर चारों यात्री तैयार हो गए। जिसके बाद यात्रियों ने मोबाइल से ही दिए गए खाता नंबर पर ऑनलाइन 96 हजार रुपये जमाकर दिए। लेकिन उन्हें सिर्फ तीन ही टिकट मिले। चौथा टिकट यात्रियों को 29 मई को देने की बात कही गई।लेकिन ना टिकट मिला और ना ही पैसे वापस मिले। जिसके बाद उन्होंने उसी नंबर पर फिर से फोन किया। तो फिर उन्हें तत्काल 27 हजार रुपये ऑनलाइन जमा करने को कहा गया। यात्रियों ने फिर पैसा जमा कर दिया। लेकिन फिर भी उन्हें टिकट नहीं दिया गया। टिकट ना मिलने के बाद मुकेश कौशिक ने ईमेल के जरिए पुलिस से इस बात की शिकायत की। उसने रुद्रप्रयाग पुलिस से हेलिकॉप्टर टिकट की ठगी पर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

## नेशनल हाईवे का विस्तारीकरण नगर के बीच से हुआ तो होगा व्यापक आंदोलनः कर्नाटक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। प्रेस को जारी एक बयान में उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवम पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग में चौड़ीकरण के नाम पर यदि अल्मोड़ा की जनता के भवन,दुकानों आदि से खिलवाड़ करने की सोची गई तो न केवल इसका विरोध होगा बल्कि सरकार और संबंधित विभाग के खिलाफ एक बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।श्री कर्नाटक ने कहा कि वे पूर्व में अनेकों बार ज्ञापनों के माध्यम से और चार बार स्वयं मिलकर केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को इस संबंध में विस्तार से बता भी चुके है तथा केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी के द्वारा उन्हें आश्वासन भी दिया गया है कि अल्मोड़ा में नेशनल हाईवे का विस्तारीकरण शहर से न करके चौंसली कोसी मार्ग से किया जायेगा, साथ ही पांडे खोला, शैल,एनटीडीचितई आदि क्षेत्रों से जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग भी बाईपास बनाकर शहर से बाहर ही बाहर निकाला जाएगा, इसके बाद भी अभी तक इस संबंध में शासनादेश का जारी ना होना स्पष्ट प्रदर्शित करता है कि संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों पर अफसरशाही हावी है।उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग यह अच्छी तरह से समझ ले कि किसी भी दशा में नेशनल हाईवे का चौड़ीकरण नगर क्षेत्र से नही करने दिया जायेगा तथा अल्मोड़ा की जनता के भवन और प्रतिष्ठानों को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि बड़ी दुर्भग्यपूर्ण बात है कि ये बात सरकार और संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों की समझ में नहीं आ रही कि यदि नेशनल हाईवे का विस्तारीकरण नगर क्षेत्र से होता है तो लोधिया से कोसी तक तथा पांडे खोला से चितई तक सैकडो भवन इसकी जद में आएंगे और लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## उत्तराखंड में बाघ और बाघिनों की मौत की बढ़ती घटनाओं पर कार्रवाई होगी : सीएम

देहरादून। उत्तराखंड में पांच महीने में 13 बाघ-बाघिनों की मौत हो चुकी है। सबसे अधिक मौतें कुमाऊं के सेंट्रल तराई क्षेत्र में हुई हैं। मंगलवार को मीडिया से वार्ता के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बाघों की मौत के इन आकड़ों के मामले का निश्चित रूप से आंकलन किया जाएगा। अगर कोई दोषी पाया जाता है तो इसमें कार्रवाई जरूर होगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष अप्रैल में देश में बाघ गणना-2022 के आंकड़े जारी किए थे। उसमें पिछले चार वर्षों से बाघों की संख्या में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई गई है। देशभर में बाघों की संख्या करीब 3167 बताई गई है। वर्ष 2018 की गणना के अनुसार उत्तराखंड में बाघों की संख्या 442 है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, देशभर में इस साल बीते पांच महीने में कुल 76 बाघों की मौत हुई है। इनमें 12 बाघ केवल उत्तराखंड में मारे गए। बीते दो जून को भी कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में एक बाघ का शव मिला था। ऐसे में अब तक यहां 13 बाघों जान जा चुकी है। उत्तराखंड में इस साल बाघ की पहली मौत का मामला जनवरी में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सामने आया था। उसके बाद फरवरी में तीन बाघ नैनीताल और रामनगर में मृत पाए गए। फिर मार्च में दो बाघ चकराता रेंज हल्द्वानी और रामनगर डिविजन में मारे गए। अप्रैल में कॉर्बेट की ढेला रेंज में एक बाघ मृत पाया गया। मई में दो बाघ कालागढ़ डिविजन और कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में मारे गए, बाघों की मौत के कारण अलग-अलग हैं। वर्ष 2022 में 12 महीने में नौ बाघों की मौत दर्ज की गई थी।जिससे उत्तराखंड के जंगलों में दुर्लभ वन्यजीवों के संरक्षण के साथ बाघों की निगरानी और सुरक्षा को लेकर बनायी जा रही नीतियों पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# प्रभारी मंत्री ने ली जिला योजना की बैठक

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा की अध्यक्षता में जिला योजना की बैठक हुई। जिले में कुल 55.19करोड़ की धनराशि का बजट आवंटित किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों में विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन और योजनाओं को धरातल पर अस्तित्व में लाने के लिए विभागीय अधिकारियों से सवाल पूछे।कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने अधिकारियों को समय से योजनाओं का लाभ आमजनता तक नही पहुँचाने और लेटलतीफी करने पर नाराजगी जताई, कर्षि विभाग द्वारा काश्तकारों को बांटे जा रहे कर्षि यंत्रों के रखरखाव काश्तकारों को हर साल नया सर्वे के आधार परसमय से योजनाओं का लाभ नही देने पर सवाल उठाते हुए जबाब मांगा।कर्षि विभाग द्वारा कर्षि यंत्र सहित कर्षि यंत्रों की गुणवत्ता पर सवालिया निशान उठाए,वही प्रभारी मंत्री ने कर्षि यंत्र प्रदान करने वाले वितरक द्वारा वारंटी अवधि में कोई समस्या आने और समस्या का समाधान नही होने पर एजेंसी डीलर को सुविधा नही देने वालों को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। वही ब्लाक प्रमुख कपकोट गोविन्द दानू ने आवंटित बजट में कर्षि विभाग में कार्य पूर्ण होने पर कितने समय मे होगा भुकतान,वही अभिनव योजना में औषधि योजना में तय मूल्य नही मिलने से नाराजगी जताई, वही कपकोट नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट ने बंदरो के आतंक से निजात के लिए समुचित व्यवस्था नही होने पर सवालिया निशान उठाए, वही उद्यान विभाग की समीक्षा में 208लाक पॉलीहाउस हेतु ,आवेदन 500 के पार है नाबार्ड के तहत 100वर्ग मीटर भूमि थी जिसे अब पचास वर्ग के पॉलीहाउस नाबार्ड से बनाए जाएंगे, कलस्टर योजना से उद्यानीकरण से नौ लाख, कीट नाशक में नौ, मशरूम में पांच लाख, वही पिछले बजट में जिस पर कीवी में 96 लाख, उद्यानीकरण हेतु धनराशि व्यय करने की बात उद्यान अधिकारी ने की, वही कीवी उत्पादन में जिले को अग्रणी बनाने का लक्ष्य बताया। जड़ीबूटी में कपकोट में बदियाकोट, बोरबलड़ा, में जड़ीबूटी उत्पादन होने, ब्लाक प्रमुख कपकोट ने हिमालय में होने वाली जड़ीबूटी के विभिन्न जड़ीबूटियों के विकास के लिए कार्य करने की मांग उठाई। पशुपालन को मजबूत करने के लिए पशु अस्पतालों को बजट दिलाने,कपकोट पंचायत अध्यक्ष ने नगर क्षेत्र में भी पशुपालकों को गोट वैली योजना का लाभ देने की मांग की। वहीं प्रभारी मंत्री ने बताया कि देश का पहला राज्य है जहां निराश्रित पशुओं के लिए गौशालाओं में भेजने की पहल की गई है।उन्होंने गोट वैली में नए पशुपालकों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।वही गोट वैली में पशुपालकों द्वारा पशुओं की पर्याप्त खरीद और उन्हें पर्याप्त सुविधा देने के निर्देश दिए,गरुड़ में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने गरुड़ की गौशाला के लिए भूमि की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। वही लंपी वायरस से निजात हेतु सभी पशुओं का टीकाकरण करने के निर्देश पशुपालन अधिकारी को दिए।वही पशुओं का शत फीसद बीमा नही कराने पर मंत्री ने नाराजगी जताई, कहा कि90 फीसदी राज्य सरकार द्वारा बीमा अनुदान होने के बाद भी सभी पशुपालकों का बीमा नही होने पर नाराजगी जताई, वही पशुपालन निदेशक को तत्काल फोन मिलाकर नाराजगी जताई, कहा कि 23हजार पशुओं के बाद भी अब तक कोई बीमा नही होने पर नाराजगी जताई, साथ ही नाराजगी जताते हुए लम्पी वायरस के चलते हुई पशु हानि से हुए नुकसान के लिए भी जिम्मेदारी पूछा, वही विभाग को एक सप्ताह में अधिकाधिक पशुओं का बीमा कराकर इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजने के निर्देश दिए।मत्स्य विभाग में मत्सय आलेख एंगलिंगसे पर्यटकों को प्रभावित करने की योजना को अमलीजामा पहुँचाने, ट्राउड मछली के लिए मुख्यमंत्री घोषणा में मछलियों को बाजार देने के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है,वही उरेडा विभाग को खराब पड़ी लाइट को समय समय पर निरीक्षण कर रखरखाव करने के निर्देश दिए। कपकोट में नगर पंचायत में मार्गो के निर्माण के रखरखाव, भवन निर्माण सहित सड़क की व्यवस्था हेतु निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं हेतु आवंटित बजट का सदुपयोग करने, पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए, शीघ्र योजनाओं को धरातल पर पहुँचाने के निर्देश दिए। वही बैठक में जिपं अध्यक्ष बसंती देव ने जिला योजना में प्रस्तावित सभी योजनाओं में प्रभारी मंत्री द्वारा अनुमोदित बजट की सराहना की, साथ ही सभी अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का लाभ समय से आमजनता तक पहुँचाने की अपील की। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने सभी जनप्रतिनिधियों को सरकारी योजनाओं को शीघ्र अधिकारियों द्वारा धरातल पर विकास कार्य करवाए जाने की बात कही, वही बैठक में प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सभी जनप्रतिनिधियों अधिकारियों को आम जनता के हितों के लिए संयुक्त रूप से सरकारी योजनाओं का लाभ समय से आमजनता को देने की अपील की। वही बैठकों में पशुपालकों के द्वारा उत्पादित दुग्ध पदार्थों को बैठकों में प्राथमिकता देने के निर्देश अधिकारियों को दिए।बैठक में पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, एसपी हिमांशु वर्मा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट गौरव दास, मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह,जिपं उपाध्यक्ष नवीन परिहार, पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम साही,जिला महामंत्री संजय परिहार, गोपा धपोला,नवीन नमन,जनार्दन लोहनी,चंदन रावत, गोपाल किरमोलिया,सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी मौजूद थे।



## दिनेश लोगों को बांट चुके हैं 64 हजार पौधे

गरुड़(उद संवाददाता)। इकतीस साल पहले गांव का गतनी खाल सूख गया। लोग पानी के लिए परेशान हो गए। ग्रामीणों के साथ दिनेश लोहनी भी खाल के पास गए। सारे ग्रामीण हार गए, लेकिन दिनेश ने हार नहीं मानी। मन में विचार आया कि खाल के ऊपर व चारों ओर पौधारोपण किया जाए। विचार को धरातल पर उतारा। एक साल बाद फिर खाल पानी से लबालब भर गया। यहीं से दिनेश में पर्यावरण की प्रीत जग गई। कत्यूर घाटी के सीमा गांव निवासी वृक्षप्रेमी के नाम से प्रसिद्ध दिनेश लोहनी 1992 से पौधारोपण करते आ रहे हैं। अब तक वे एक लाख छब्बीस हजार पौधे रोप चुके हैं। उन्होंने स्वयं के प्रयासों से छह जंगल विकसित किए हैं। जिससे गांव के लक्ष्मी खाल, कजुली-दिवागैर में पानी का स्त्रोत पुन: जीवित हो चुका है। नोले के पानी में फायदा हुआ है।अठगाड़ गधेरे से कौसानी एस्टेट देवी मंदिर तक एक नया जंगल बनाया है। उन्होंने 64 हजार निशुल्क पौधे अब तक वितरित किए हैं। घर में नर्सरी तैयार की है, जिसमें प्रत्येक वर्ष ग्यारह सौ पौधे रोपित किए जाते हैं। इस वर्ष वर्षाकाल में वन पंचायत सीमा समेत अन्य स्थानों में बीस हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इसके अलावा वे कई संस्थानों, स्कूलों, कार्यालयों तथा धार्मिक स्थलों में भी पौधे रोपण कर चुके हैं। पौधारोपण करके दिनेश लोगों को संकल्प दिलाते हैं कि वह रोपित पौधों की देखरेख पांच साल तक अपने बच्चे की तरह करेंगे। उनके पर्यावरण व जल संरक्षण के योगदान को देखते हुए वर्ष 2021 में भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय ने उन्हें वाटर हीरोज पुरस्कार से सम्मानित किया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध नागरिकों ने राज्य सरकार व केंद्र सरकार से उन्हें किसी बड़े पुरस्कार से नवाजे जाने की मांग की है।



## विराट धर्म सम्मेलन व श्री हरि प्राकटोत्सव समारोह 9 जून से

गढ़ीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा आश्रम, कामां के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी हरि चैतन्यपुरी जी महाराज का 63 वां प्राकट्योत्सव एवं विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन श्री हरि प्राकट्योत्सव आयोजन समिति, गढ़ीनेगी द्वारा यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में आगामी 9 जून से 12 जून तक हरि भक्तों के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसके लिए तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत 9 जून से 11जून तक प्रतिदिन सायं 4 से 6 बजे तक महाराज श्री का दिव्य संदेश होगा। 11 जून दिन रविवार को प्रात: 7 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। जो श्री हरि कृपा आश्रम से प्रारंभ होकर एएन झा इंटर कालेज, करनपुर गढ़ीनेगी तक प्रस्थान कर वापस श्री हरि कृपा आश्रम वापस लौटेगी। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर सर पर कलश धारण कर प्रतिभाग करेंगी। तत्पश्चात प्रात: आठ बजे से अखण्ड मानस पाठ का शुभारंभ किया जायेगा एवं सायं 4 से 6 बजे तक महाराज श्री के दिव्य प्रवचन होंगे। 12 जून दिन सोमवार को प्रात: 8 बजे श्री अखण्ड मानस पाठ का समापन किया जायेगा। जिसके पश्चात 9 बजे से 1 बजे तक भजन कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा महाराज श्री का दिव्य संदेश होगा। जिसके पश्चात 1 बजे से सायं 4 बजे तक विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन गायक, हजारों की संख्या में हरि भक्त, प्रमुख संत, महापुरुष, विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेतागण आदि पधार रहे हैं। आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमी जनता से सपरिवार उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्म लाभ एवं श्री गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। समिति द्वारा बाहर से आने वाले सभी हरि भक्तों के ठहरने व भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है।



## अवैध शराब बेच रहा एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस गश्त के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को अवैध शराब बेचते शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कांस्टेबल अमित जोशी, महेंद्र कुमार के साथ बाल्मीकि बस्ती खेड़ा में गश्त कर रहे थे तो मुखबिर की सूचना पर वह बाल्मीकि मंदिर के पीछे खाली प्लाट पहुंचे जहां एक व्यक्ति प्लास्टिक का कट्टा लिए खड़ा दिखाई दिया। पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता गुरचरण सिंह उर्फ चन्नी पुत्र सिंघारा सिंह निवासी दूधिया नगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 70 पाउच अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर गुरचरण के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## मछली बाजार से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने विगत दिवस मछली बाजार ट्रांजिट कैम्प से मोटर साईकिल चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में कृष्णा शील पुत्र विप्लव शील मूल निवासी ग्राम नगरिया कालोनी थाना अगरिया जिला पीलीभीत ने कहा है कि 2 जून को वह वार्ड 3 निकट मछली बाजार ट्रांजिट कैम्प निवासी अपनी बहन मनीषा वैद्य पत्नी सूरज वैद्य के निवास स्थान पर अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एटी 3825 से आया था। 5 जून को दोपहर उसने अपनी बहन के मकान के बाहर अपनी मोटरसाइकिल लॉक लगाकर खड़ी कर दी थी। कुछ देर बाद उसने घर के बाहर आकर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल गेट के बाहर नही खड़ी थी। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हरियाणा में किसानों पर लाठीचार्ज की निंदा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिंदर विर्क ने हरियाणा में किसानों पर हुए लाठीचार्ज पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार अब पुलिस के दम पर किसानों का दमन कर रही है। किसानों की आवाज को लाठी के दम पर दबाया जा रहा है। कल कुरुक्षेत्र में किसान सूरजमुखी के रेट को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन खट्टर सरकार के इशारे पर पुलिस ने जिस तरह बर्बरता पूर्वक बुजुर्ग महिलाओं एवं बच्चों पर लाठियां बरसायी है वह निंदनीय हैं।

## राहगीरों को वितरित किया मीठा जल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आम जनता को चिलचिलाती धूप एवं पसीना बहाती गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए समाजसेवी युवाओं द्वारा बाटा चौक पर राहगीरों को ठंडे एवं मीठे जल का वितरण किया गया। जिसमें आसपास के सभी



दुकानदारों ने भी सहयोग किया। जलवितरित करने वालों में पार्षद रंजीत सागर, राहुल सरीन, विक्की कक्कड़, बॉबी टुटेजा, आकाश अरोरा, राजू बत्रा, राकेश जुनेजा, अमित कुमार, अनिल राठौर, रिंकू सैनी, आकाश रस्तोगी व सोनू सागर आदि शामिल थे। आम जनता द्वारा जनसेवा के इस कार्य की सराहना की गई।

## पेज एक का शेष...

**सरकार के खिलाफ किच्छा में..** महंगाई से पहले ही त्रस्त है। अब इस सरकार ने गरीबों को ही उजाड़ने की तैयारी कर ली है। कांग्रेस नेताओं ने हा कि प्रशासन को गरीबों को उजाड़ने से पहले उनकी लाश पर बुल्डोजर चलाना होगा। इसे दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गरीबों को उजाड़ने की नीति किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। काग्रेस गरीबों के साथ पहले भी खड़ी थी और आगे भी खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि दशकों से जमीनों पर बसे लोगों को उजाड़ना सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि जो लोग अतिक्रमण के दायरे में आ रहे हैं पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाये। साथ ही उन्होंने दशकों से जमीनों पर बसे लोगों के नियमितीकरण की मांग भी की। विरोध प्रदर्शन में किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, किच्छा पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली, सीपी शर्मा, अनिल शर्मा, हरीश पनेरू, मीना शर्मा, किन्नू शुक्ला, सौरभ चिलाना, पुष्कर राज जैन, मोहन खेड़ा, नारायण सिंह बिष्ट, संजीव सिंह, सुरेश पपनेजा आदि समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद थे।

**सरकार में दायित्वों की फर्जी ...** के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से सरकार में दायित्वधारियों के नाम से वायरल सूची को अफवाह बताया। उन्होंने कहा कि संगठन व सरकार ने दायित्वधारियों को लेकर ऐसी कोई सूची जारी नहीं की है। उन्होंने सूची को भ्रामक और तथ्यहीन बताया।

**संदिग्ध हालातों...** मोहर सिंह निवासी मोतीपुर नंबर एक के रूप में हुयी। पुलिस ने पंचायतनामे की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों की पुलिस छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## नौकरानी ने घर से चोरी कर सुनार को बेच दिये जेवर

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नं.7 के रहने वाले एक भाजपा नेता के घर से उनकी गैरमौजूदगी में जेवरात चुराए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा नेता ने बताया कि उनकी गैरमौजूदगी में नौकरानी द्वारा घर से जेवरात चोरी किए गए परंतु जिनका कोई सुराग ना लगने पर उन्होंने नौकरानी के कार्यकलापों पर नजर रखी तो उन्हें नौकरानी की गतिविधियां संदिग्ध लगी। उन्होंने नौकरानी को पुलिस में जाने की धमकी देकर जेवरातों के बारे में पूछा तो उसने सच उगल दिया और नगर के सर्राफा व्यापारियों को चोरी के जेवरात बेचे जाने की बात कबूल की। सर्राफा व्यापारियों से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि नौकरानी ने अपने निजी जेवरात होने की बात कहते हुए जेवर उन्हें बेचे थे और भुगतान प्राप्त किया था। नगर में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं पुलिस थानाध्यक्ष से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले की तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## नालियों की तली झाड़ सफाई की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी नरेश कुमार सेठ ने कहा कि आवास विकास क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था चरमरा गयी है नियमित रूप से सफाई नहीं होती जगह जगह कूड़े के ढेर दिखाई देते हैं। जिसमें भीषण बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है व मानसून आने वाला है मगर नालियों की सफाई अभी तक नहीं हुई है। नालियों की तली झाड़ सफाई होनी चाहिए। नगर निगम के सफाई निरीक्षक अपने दायित्व को निभायें एवं सफाई व्यवस्था को बनाने में अपना सहयोग दें।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

आइऐ **रक्तदान** कीजिए


और एक हीरो सा फील कीजिए



# स्व. संदीप संधू जी

की स्मृति में

# 12वां रक्तदान शिविर



दिनांक 10 जून 2023, शनिवार

समय प्रातः 9 बजे से

स्थान सरकारी ब्लड बैंक, किच्छा रोड, रुद्रपुर

संपर्क सूत्र : लखबीर सिंह लक्खा 9917870000, सुशील गाबा 9568220000

**निवेदक : समस्त मित्रगण, युवाशक्ति व छात्रशक्ति**